PROTECTING IMMIGRANT FAMILIES

आइए हम सार्वजनिक शुल्क के बारे में बात करें

अद्यतित अगस्त 2019

नीचे दी गई जानकारी अमान्यता के बारे में अंतिम सार्वजनिक शुल्क नियम के PIF अभियान के विश्लेषण पर आधारित है और यह क़ानूनी सलाह नहीं है। किसी विशिष्ट मामले के बारे में जानकारी के लिए, कृपया आप्रवासन विशेषज्ञ से संपर्क करें।

अपने क्षेत्र में मदद पाने के लिए, www.immigrationadvocates.org/nonprofit/legaldirectory पर जाएँ।

प्रमुख सामुदायिक संदेश

केवल सार्वजनिक लाभों का उपयोग आपको सार्वजनिक शुल्क नहीं बनाएगा। तथ्यों के साथ डर से लड़ें - अपने अधिकारों को जानें। सार्वजनिक शुल्क नियम को जान-बूझकर भ्रमित करने वाला, जटिल, और डरावना बनाया गया था। इस देश में आपके पास अधिकार हैं, भले ही आपका जन्म कहीं भी हुआ हो। हम अपने अधिकारों के बारे में जितना अधिक जानते हैं, ट्रम्प प्रशासन के लिए हमें डराना उतना ही मुश्किल हो जाता है। हम आपको ऐसे फ़ैसले लेने से पहले अपनी स्थिति के बारे में अधिक जानने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो आपको या आपके परिवार को नुक़सान पहुँचा सकते हैं।

यह ख़त्म नहीं हुआ है - हमारे पास अभी भी नियम को रोकने का मौका है। वकील इस नियम को लागू होने से रोकने के लिए अपने पास उपलब्ध प्रत्येक साधन का उपयोग कर रहे हैं - जिसमें अदालत शामिल है। सैन फ्रैंसिस्को और सांता क्लारा काउंटी ने पहले ही इस नियम को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया है और अन्य लोग जल्द ही ऐसा करेंगे। हमारे पास अभी भी इस नियम को आगे बढ़ने से रोकने का मौका है।

यह सार्वजनिक शुल्क अमान्यता परीक्षण प्रत्येक अप्रवासी पर लागू <u>नहीं</u> होता। छूट-प्राप्त अप्रवासियों में ये शामिल हैं: शरणार्थी; राजनीतिक शरणार्थी; तस्करी, घरेलू हिंसा या अन्य गंभीर अपराधों में बचे जीवित व्यक्ति (T या U वीज़ा आवेदक/धारक); VAWA स्व-याचिकाकर्ता; विशेष अप्रवासी किशोर; और U.S. में परोल पर निश्चित व्यक्ति। जब लोग इनमें से किसी स्थिति में से में होते हैं, तो प्राप्त लाभ उनके ख़िलाफ़ नहीं गिना जाएगा। और क़ानून-सम्मत स्थायी निवासी (ग्रीन कार्ड धारक) U.S. नागरिकता के लिए आवेदन करने पर, सार्वजनिक शुल्क परीक्षण के अधीन नहीं होते।

सार्वजनिक लाभों का उपयोग आपको <u>स्वचालित रूप से</u> सार्वजनिक शुल्क नहीं बनाएगा। आप्रवासन अधिकारियों को यह निर्धारित करने के लिए आपकी सभी परिस्थितियों को देखना होगा कि क्या आप भविष्य में सार्वजनिक शुल्क बनने की संभावना रखते हैं। इसमें आपकी उम्र, स्वास्थ्य, आय, संपत्ति, संसाधन, शिक्षा/कौशल, परिवार जिसका आपको भरण-पोषण करना है, और परिवार जो आपका भरण-पोषण करेगा, शामिल हैं। सकारात्मक कारकों, जैसे नौकरी या स्वास्थ्य बीमा होना, को नकारात्मक कारकों, जैसे कुछ लाभों का उपयोग कर लेना या स्वास्थ्य की किसी स्थिति का होना, के विरुद्ध रखा जा सकता है। किसी भी स्थिति में, आपके पास यह दिखाने का मौका होगा कि आप द्वारा भविष्य में कुछ लाभों पर निर्भर रहने की संभावना क्यों नहीं है।

यह सार्वजनिक शुल्क परीक्षण परिवार के सदस्यों द्वारा उपयोग किए जाने वाले लाभों पर विचार <u>नहीं</u> करता। ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने वाले ज़्यादातर आप्रवासी नियम में सूचीबद्ध लाभों के लिए पात्र नहीं हैं। और पात्र परिवार के सदस्यों द्वारा उपयोग किए जाने वाले लाभों को तब तक नहीं गिना जाता, जब तक परिवार के सदस्य ग्रीन कार्ड के लिए भी आवेदन नहीं करते। स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और आवास प्रोग्राम आपको और आपके बच्चों को मजबूत, उत्पादक, और स्थिर रहने में मदद कर सकते हैं।

यह नियम 15 अक्तूबर, 2019 से पहले उपयोग किए जाने वाले किसी नए सूचीबद्ध लाभ पर विचार <u>नहीं</u> करता। पहले, जो लाभ सार्वजनिक शुल्क परीक्षण (जैसे Medicaid और SNAP) से बाहर रखे गए थे, उन पर केवल तभी विचार किया जाएगा यदि वे 15 अक्तूबर, 2019 के बाद प्राप्त किए गए हों। नया नियम केवल उन लोगों पर लागू होता है, जिनके ग्रीन कार्ड का आवेदन 15 अक्तूबर, 2019 को या उसके बाद (इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत या डाक से भेजा गया) दाखिल किया गया था। अब लाभों का उपयोग करने से आपको या आपके परिवार के सदस्यों को भविष्य में अधिक स्वस्थ, मजबूत, तथा और अधिक रोज़गार प्राप्त करने योग्य होने में मदद मिल सकती है।

PROTECTING IMMIGRANT FAMILIES

आपकी व्यक्तिगत जानकारी संरक्षित रहती है। संघीय और राज्य क़ानून उन लोगों की गोपनीयता की रक्षा करते हैं, जो स्वास्थ्य देखभाल कवरेज, पोषण, आर्थिक सहायता या अन्य सार्वजनिक लाभों के लिए आवेदन करते हैं या प्राप्त करते हैं। सार्वजनिक प्रोग्रामों के लिए आवेदनों में अपने परिवार या घर के अन्य व्यक्ति के लिए लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन करने वाले लोगों की आप्रवासन स्थिति के बारे में जानकारी नहीं माँगी जानी चाहिए। लाभकारी एजेंसियाँ, केवल सीमित अपवादों के साथ, अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ केवल अपने प्रोग्रामों को संचालित करने के प्रयोजनों के लिए जानकारी साझा कर सकती हैं। सार्वजनिक लाभ के आवेदन भरने या किसी सरकारी एजेंसी के साथ संव्यवहार करते समय आप केवल आवश्यक जानकारी प्रदान कर सकते हैं और आपको किसी चीज़ का ग़लत विवरण कभी नहीं देना चाहिए।

सार्वजनिक शुल्क की पृष्ठभूमि

सार्वजनिक शुल्क क्या है?

"सार्वजनिक शुल्क" या "सार्वजनिक शुल्क परीक्षण" का इस्तेमाल आप्रवासन अधिकारियों द्वारा यह निर्णय करने के लिए किया जाता है कि क्या कोई व्यक्ति U.S. में प्रवेश कर सकता है या उसे ग्रीन कार्ड (क़ानूनन स्थायी निवासी (LPR) का दर्जा) मिल सकता है। इस परीक्षण में, अधिकारी व्यक्ति की सभी परिस्थितियों को देखते हैं, जिनमें आय, रोज़गार, स्वास्थ्य, शिक्षा या कौशल, पारिवारिक स्थिति और यह शामिल है कि क्या किसी प्रायोजक ने व्यक्ति को समर्थन देने का वादा करते हुए संविदा ("समर्थन का हलफ़नामा") पर हस्ताक्षर किए हैं। अधिकारी यह भी देख सकते हैं कि क्या किसी व्यक्ति ने विशिष्ट लाभ प्रोग्रामों का उपयोग किया है। **सार्वजनिक शुल्क परीक्षण उन ग्रीन कार्ड धारकों पर लागू नहीं होता, जो U.S. नागरिकता के लिए आवेदन कर रहे हैं।**

सार्वजनिक शुल्क के फ़ैसले कैसे किए जाते हैं?

आप्रवासन अधिकारी यह निर्धारित करने के लिए व्यक्ति की सभी परिस्थितियों को देखते हैं कि क्या व्यक्ति की यह संभावना है:

- ***भविष्य में*** नकद सहायता या दीर्घकालिक देखभाल के लिए सरकार पर निर्भर होना।
- ***भविष्य में*** निम्नलिखित लाभों में से एक या अधिक का उपयोग करना:भविष्य में निम्नलिखित लाभों में से एक या अधिक का उपयोग करना:
    - पूरक पोषण सहायता प्रोग्राम (इसे SNAP, फ़ूड स्टैम्प्स या EBT के रूप में भी जाना जाता है)
    - सार्वजनिक आवास या धारा 8 आवास सहायता
    - Medicaid (आपातकालीन सेवाओं, 21 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, और नई माताओं (60 दिन के लिए) के सिवाए)

आप्रवासन अधिकारी व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य, परिवार और वित्तीय स्थिति, शिक्षा और कौशलों पर विचार करते हैं। यदि आप्रवासन अधिकारी यह निर्धारित करता है कि व्यक्ति की *भविष्य में* सार्वजनिक शुल्क बनने की संभावना है, तो अधिकारी U.S. में प्रवेश करने या ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए व्यक्ति के आवेदन को स्वीकार करने से इनकार कर सकता है।

- **US के <u>अंदर</u> से आवेदन करने वाले आप्रवासियों के लिए:** 14 अगस्त 2019 को, ट्रम्प प्रशासन ने नया नियम प्रकाशित किया है, जो "सार्वजनिक शुल्क" की परिभाषा को ऐसे व्यक्ति में बदल देता है, जिसके द्वारा ऊपर सूचीबद्ध सरकारी प्रोग्रामों में से एक या अधिक का उपयोग करने की संभावना है। नियम में इस बारे में विशिष्ट विवरण भी जोड़ा गया है कि आप्रवासन अधिकारी आवेदक की आय, स्वास्थ्य, उम्र, शिक्षा और पारिवारिक स्थिति पर कैसे विचार करेंगे। आप्रवासन अधिकारी 15 अक्तूबर, 2019 तक नए नियम का उपयोग शुरू नहीं कर सकते।
    - आप्रवासन अधिकारियों द्वारा 15 अक्तूबर 2019 से पहले उपयोग किए जाने वाले स्वास्थ्य, पोषण और आवास लाभों को सार्वजनिक शुल्क परीक्षण में नहीं माना जा सकता।

- आपके U.S. नागरिक बच्चों द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रोग्रामों को सार्वजनिक शुल्क अमान्यता परीक्षण में आपके विरुद्ध उपयोग नहीं किया जाएगा, जिसमें वह नकद सहायता संभावित अपवाद है जो आपके परिवार की आय का प्राथमिक स्रोत है।

- **US के बाहर से आवेदन करने वाले आप्रवासियों के लिए:** जनवरी 2018 में, U.S. राज्य विभाग ने सार्वजनिक शुल्क पर अपने विदेश मामलों के मैनुअल (FAM) अनुभाग को संशोधित किया। FAM U.S. दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में सरकारी अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करता है, जो यह निर्णय करते हैं कि किसी व्यक्ति को U.S. में प्रवेश करने के लिए अनुमति दी जाए या नहीं। नए निर्देश सार्वजनिक शुल्क की परिभाषा को नहीं बदलते, लेकिन अन्य कारकों पर विचार करने की अनुमति देते हैं, जैसे आवेदकों, उनके परिवार के सदस्यों और/या उनके प्रायोजकों द्वारा सार्वजनिक लाभों का उपयोग। नोट: हमारा अनुमान है कि U.S. के बाहर से आवेदन करने वाले आप्रवासियों के लिए सार्वजनिक शुल्क के फ़ैसलों को DHS से परिवर्तन की तरह दिखने के लिए अद्यतित किया जा सकता है।

अधिक जानकारी और संसाधनों के लिए, यहाँ जाएँ:

www.ProtectingImmigrantFamilies.org